ICG कार्मिकों हेतु वीरता पुरस्कार

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के कर्मियों को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिये वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किये।

- **वीरता पुरस्कार:** ये पुरस्कार **सशस्त्र बलों एवं अन्य बलों के साथ नागरिकों की बहादुरी के सम्मान पर केंद्रित** हैं और इनकी घोषणा **गणतंत्र दिवस** और **स्वतंत्रता दिवस** पर की जाती है।
  - **पुरस्कार का वरीयता क्रम:** परमवीर चक्र, अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र।
- **ICG:** यह एक समुद्री सुरक्षा बल है जो **समुद्री कानूनों को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार** है और यह **रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य** करता है।
  - इसकी स्थापना **1 फरवरी 1977** को हुई थी और **यह तटरक्षक अधिनियम, 1978 के** अधिनियमन के साथ **18 अगस्त 1978** को एक स्वतंत्र सशस्त्र बल बन गया।
    - **वर्ष 1972** में UNCLOS के तहत तटीय राज्यों के लिये EEZs का प्रावधान किया गया। भारत ने **भारतीय समुद्री क्षेत्र अधिनियम, 1976** को लागू किया, जिसके तहत 2.01 मिलियन वर्ग किलोमीटर के समुद्री क्षेत्र पर दावा किया गया, जिसके लिये निगरानी एवं पुलिसिंग की आवश्यकता के क्रम में **भारतीय तट रक्षक (ICG)** की आवश्यकता पड़ी।
  - इसका **क्षेत्राधिकार** भारत के **प्रादेशिक जल (12 समुद्री मील तक)** तथा **समीपवर्ती क्षेत्र (24 समुद्री मील तक)** और **EEZ (200 समुद्री मील तक)** तक विस्तारित है।
  - इसके अलावा, यह विश्व का **चौथा सबसे बड़ा तटरक्षक बल** है।

//

और पढ़ें: [भारतीय तटरक्षक बल]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gallantry-award-for-icg-personnel